केन्द्रीय विद्यालय, जशपुर

कक्षा XI हेतु प्रवेश सूचना

दिनांक -07.08.2021

केन्द्रीय विद्यालय, जशपुर के प्राचार्य श्री सतीश कुमार ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2021-22 के लिए केन्द्रीय विद्यालय जशपुर में कक्षा 11वीं में प्रवेश के लिए पंजीकरण दिनांक 09.08.2021 से शुरू हो रहा है जो कि दिनांक 16.08.2021 तक किया जा सकेगा | प्राचार्य ने बताया कि पंजीकरण फॉर्म उपरोक्त तिथियों में कार्यालयीन समय में विद्यालय के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है एवं पूर्ण रूप से भरकर सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ दिनांक 16.08.2021 तक जमा कर सकते हैं ।

इसके लिए न्यूनतम योग्यता कक्षा 10वीं 60 प्रतिशत या उससे अधिक अंकों के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है । केन्द्रीय विद्यालय जशपुर से कक्षा 10वीं उत्तीर्ण सभी विद्यार्थी विषय विकल्प फॉर्म कार्यालय से प्राप्त कर 10 अगस्त तक अनिवार्य रूप से जमा करें । प्राचार्य ने बताया कि केन्द्रीय विद्यालय जशपुर में केवल विज्ञान संकाय में पढ़ाई होती है जिसके लिए प्रवेश हेतु न्यूनतम योग्यता सभी छात्रों के लिए कक्षा 10वीं 60 प्रतिशत या उससे अधिक अंकों के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है ।